प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.10.2024 ⁄ प्रादेशिक समाचार ⁄ 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांगड़ा ज़िले में देहरा विधानसभा क्षेत्र के बनखंडी में भारतीय हरित भवन परिषद द्वारा प्रमाणित देश का पहला चिड़ियाघर होगा। उन्होंने आज शिमला में बताया कि इस चिड़ियाघर में पशु बेड़े स्थापित करने के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से मंजूरी मिल गई है। इसके तहत एशियाई शेर, हॉग डियर, मॉनिटर छिपकली, मगरमच्छ, घड़ियाल और विभिन्न पक्षियों सहित 73 प्रजातियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा चिड़ियाघर में बिल्लियों की प्रजातियों व स्वदेशी प्रजातियों के पक्षियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस चिड़ियाघर का नाम दुर्गेश अरण्य प्राणी उद्यान होगा और इस पर 6 सौ 19 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। इसका निर्माण कार्य अगले वर्ष तीसरी तिमाही तक पूरा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये चिड़ियाघर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र होगा और इससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

नड्डा–एकता शपथ

कल विश्व एकता दिवस है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व एकता दिवस के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली में एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव, स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने शपथ ली। विश्व एकता दिवस हर साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार वल्लभ भाई पटेल की विरासत का सम्मान करना है, जिनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने राष्ट्र को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर जे.पी.नड्डा ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की नींव सरदार वल्लभभाई पटेल ने रखी थी। उन्होंने समेकित और प्रगतिशील समाज को बढ़ावा देने में राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर दिया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हमारे कार्य व नीतियां समावेशिता और विविधता की भावना को प्रतिबिंबित करें जो भारत को अद्वितीय बनाती है।

दीपावली

कल रौशनी का पर्व दीपावली है। आज छोटी दिवाली के अवसर पर राजधानी शिमला सहित प्रदेश के बाज़ारो में खूब रौनक रही और लोगों ने जमकर विभिन्न वस्तुओं की जमकर खरीददारी की। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दीपावली का पर्व सभी के जीवन को प्रकाशमान करता है। उन्होंने कहा कि ये पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधेरे पर प्रकाश की विजय का संदेश देता है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि दीपावली का त्यौहार प्रदेशवासियों के जीवन में अपार खुशियां लाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दीपावली का त्यौहार लोगों को सद्भावना, एकता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से दीपावली को पारंपरिक व पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ मनाने का आह्वान किया है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उप–मुख्यमंत्री

मुकेश अग्निहोत्री, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।

शिमला डीसी

इस बीच प्रशासन ने लोगों से ग्रीन दीपावली मनाने का आह्वान किया है। शिमला में चिन्हित स्थानों पर ही ग्रीन पटाखों की बिक्री की जा रही है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने लोगों से चिन्हित स्थानों पर ही पटाखों की बिक्री व खरीद करने को कहा है। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन की ओर से पटाखे चलाने का समय रात 8 से 10 बजे तक तय किया गया है। उन्होंने बताया कि चिन्हित स्थानों को छोड़कर अन्य स्थानों पर पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अयोध्या– दीपोत्सव समारोह

दीपावली की पूर्व संध्या पर अयोध्या में आज भव्य दीपोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में यह पहला दीपोत्सव समारोह होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने आज राम की पैड़ी सहित अयोध्या के 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीये जलाकर सातवां गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा है। इस वर्ष एक और विश्व रिकॉर्ड बनाने की कोशिश की गई है जिसमें एक हज़ार एक सौ बटुक और एक सौ 57 संत एक साथ सरयू के घाट पर सबसे बड़ी आरती करेंगे। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस समारोह में मौजूद रहेंगे।

केवाईसी

राज्य सरकार ने आधार नम्बर को राशन कार्ड से जोड़ने, ई–के.वाई.सी और मोबाइल नम्बर अपडेट करने की तिथि 31 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। खाद्य आपूर्ति विभाग के निदेशक रामकुमार गौतम ने बताया कि राशन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ताओं के राशन कार्डों में उनकी आधार संख्या पंजीकृत की जा रही है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपनी नजदीकी उचित मूल्य की दुकान या लोक मित्र केन्द्र पर जाकर ई–के.वाई.सी करवाने की अपील की है।

..............................................................................................................................................